कृषि उत्पादन बढ़ाने में प्रकृति व सरकार की नीति महत्वपूर्ण घटक : चौधरी

- किसान आयोग अध्यक्ष ने किया कृषकों से संवाद

उदयपुर, (कासं)। राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी मंगलवार को उदयपुर जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही कृषक संवाद के जरिए धरती पुत्रों की समस्याओं व सुझावों से रूबरू हुए। आयोग ने किसानों की हर समस्या और सुझाव को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक पहुंचाकर उचित कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, समाजसेवी प्रमोद सागर, गजपालसिंह, पुष्कर तेली, चंद्रगुप्तसिंह चौहान, भंवरसिंह पंवार, तख्तसिंह भी बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

कृषक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी।

नगर निगम परिसर स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित कृषक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान आयोग अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ाने में प्रकृति और सरकार की नीति दो महत्वपूर्ण घटक हैं। वंदे गंगा जैसे अभियान से प्रकृति का वंदन किया तो उसका सकारात्मक फल अच्छी बारिश के रूप में मिल रहा है। दूसरे घटक में सरकार की नीतियां हैं। यह सौभाग्य है कि केंद्र और राज्य सरकारें किसान हितैषी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय को दुगुना करने के लिए कई नवाचार व योजनाएं चलाई। किसान सम्मान निधि के जरिए किसानों को खाद-बीज खरीद में संबल प्रदान किया। पूरे विश्व में श्रीअन्न का मान बढ़ाकर उसकी मांग में इजाफा किया, इससे श्रीअन्न उत्पादन करने वाले किसानों को लाभ हो रहा है। प्रधानमंत्री सूक्ष्य सिंचाई योजना सहित अनेकों ऐसी योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे अन्नदाता को न केवल राहत मिल रही है, बल्कि उसकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है। इसी प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी किसानों के हित में कई निर्णय ले चुके हैं। किसान सम्मान निधि को बढ़ा कर 9000 रूपए कर दिया है। रामसेतु लिंक जल परियोजना, यमुना जल समझौता जैसे प्रोजेक्ट से आने वाले समय में किसान का खेत पानी से वंचित नहीं रहेगा। सौलर इकाइयों के माध्यम से बिजली की समस्या भी दूर हो रही है। चौधरी ने कहा कि आगामी 2027 तक प्रदेश के प्रत्येक किसान को 24 घंटे थ्री फेज बिजली मिल सकेगी। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयास हो रहे हैं। बैलों से खेती पर 30 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। यह सभी प्रयास किसानों को समृद्ध और सक्षम बनाने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का सपना वर्ष 2047 तक भारत को खाद्यान्न, दलहन, तेल आदि का सबसे बड़ा निर्यातक देश बनाना है, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

चौधरी ने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि कृषि के परंपरागत ज्ञान के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों का इस्तेमाल करें, ताकि उत्पादन को बढ़ाया जा सकें। उन्होंने प्रगतिशील किसानों से स्वयं तकनीक का उपयोग करने के साथ ही अपने आसपास के किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की उन्होंने कहा कि कृषक संवाद के माध्यम से सभी किसानों की समस्याएं व सुझाव सुने जा रहे हैं।

इन सुझावों का परीक्षण कराकर उन्हें मुख्यमंत्री सहित केंद्र सरकार में सक्षम स्तरों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में किसान आयोग के सहायक निदेशक केडी वर्मा ने जिले भर से आए किसानों से लिखित एवं मौखिक रूप से अपनी समस्याएं व सुझाव प्रस्तुत करने का आग्रह किया। कृषक प्रभुलाल कटारा, उदयसिंह, छगनलाल जाट, कृष्णगोपाल पालीवाल, धूलाराम भगोरा, मन्नालाल पटेल, देवीसिंह, भैरूलाल, गणपतराम, लालचंद मीणा, रामसिंह मीणा आदि ने आयोग अध्यक्ष के समक्ष किसानों की विभिन्न समस्याएं रखते हुए सुझाव दिए। इसके अलावा सदन में मौजूद प्रत्येक किसान ने निर्धारित प्रपत्र में अपनी समस्याएं व सुझाव अंकित कर जमा कराए।

इसमें मुख्य रूप से जनजाति बहुल झाडोल क्षेत्र में सहायक निदेशक कृषि विस्तार कार्यालय स्थापित किए जाने की मांग रखी गई। साथ ही जैविक उत्पादों के विक्रय के लिए मार्केट उपलब्ध कराए जाने, निर्बाध बिजली आपूर्ति, हरयाळो राजस्थान के तहत किसानों की निजी भूमि में पौधरोपण कराए जाने, जंगली जानवरों से फसल को बचाने के लिए कण्ठमाल की झाडियों की बाढ बनाने के लिए योजना लागू करने, नरेगा के माध्यम से खेतों तक ग्रेवल सड़क बनवाए जाने, जिले में गठित किए जा रहे एफपीओ की सदस्य संख्या को 300 से घटाकर 100 करने तथा एफपीओ को मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था किए जाने, कस्टम हायरिंग सेंटर और मृदा जांच की जिम्मेदारी एफपीओ को देने, जिले के सभी पंचायत मुख्यालयों के विद्यालयों में कृषि संकाय शुरू कराकर युवाओं को अध्ययन के अवसर प्रदान करने, ताराबंदी योजना में दायरा घटाकर एक बीघा करने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने, जमीकंद उत्पादन को बढ़ावा देने को लेकर सुझाव दिए।

नीमच माता रोपवे पर पूर्वाभ्यास, रेस्क्यू का प्रदर्शन

उदयपुर,(कासं)। नीमच माता स्थित रोप-वे की ट्रॉलियां तकनीकी कारण से अचानक रुक गई जिससे पर्यटकों की जान सांसत में आ गई। तभी प्रशासन के नेतृत्व में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर सेफ्टी, रोपवे प्रबंधन की ओर से नियुक्त स्टाफ ने मोर्चा संभाला और ट्रॉलियों में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकाला। मंगलवार को रोपवे पर इस तरह का मॉक ड्रिल किया गया।

आपदा प्रबंधन को लेकर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेन्स सहित अन्य एजेंसियों की तैयारियों को परखने के लिए यह मॉक ड्रिल जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में बड़गांव एसडीएम निरमा विश्नोई , तहसीलदार हितेश त्रिवेदी, नायब तहसीलदार रमेश कुमार, रेवेन्यू इंस्पेक्टर दलपत सिंह की उपस्थिति में फतहसागर की पाल स्थित नीमज माता रोप-वे पर हुआ। इसमें रोप-वे की ट्रॉलियों में फसे लोगों को रेस्क्यू करने का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल, राज्य आपदा प्रबंधन बल, सिविल डिफेन्स तथा अग्निशमन टीमें मंगलवार सुबह नीमज माता रोप-वे पर पहुंची। सामूहिक पूर्वाभ्यास किया गया जिसमें दामोदर रोप-वे एण्ड इंफ्रा लिमिटेड के मैनेजर कपिल ध्यानी के नेतृत्व में रोप-वे की रेस्क्यू टीम भी शामिल हुई। पूर्वाभ्यास के दौरान पर्यटकों से भरी रोप-वे ट्रोली के तकनीकी कारणों से बीच में अटकनें तथा इससे पर्यटकों की जान खतरे में पड़ने का दृश्य तैयार किया। रेस्क्यू टीम के जवान चैन-कुम्पी की मदद से स्लाइड करते हुए ट्रोली तक पहुंचे और अंदर फंसे पर्यटकों को सांत्वना देते हुए हिम्मत बंधाई।

उर्स की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

उर्स की तैयारिया हेतु बैठक आयोजित हुई।

कपासन, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की नव गठित कमेटी की 84वें उर्स की तैयारिया हेतु बैठक सम्पन्न हुई।

दरगाह वक्फ कमेटी के सेक्रेट्री मोहम्मद अब्बास मंसूरी अशरफी के अनुसार राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ जयपुर द्वारा गठित कमेटी मे पदाधिकारियो के नाम अनवर अहमद छीपा सदर, मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी एवं मुबारिक हुसैन शैख नायब सदर, मोहम्मद अब्बास मंसूरी सचिव, अब्दुल वाहिद अंसारी खजांची एवं सैयद ऐजाज अली, महबूब शाह, शराफत हुसैन भाटी, मंसूर अहमद ओठवाल, शब्बीर हुसैन पुंवार, अब्दुल रहमान मंसूरी, सैयद अख्तर अली बुखारी, अब्दुल शकूर अंसारी, जेनुलहसन अंसारी, मोहम्द असलम शैख, मोहम्मद शरीफ मेवाती, जाकीर हुसैन अंसारी, अशफाक तुर्किया, नदीम हुसैन शैख, वहीद अशरफी, इकबाल रंगरेज, अकरम मंसूरी, मोहम्मद अकरम छीपा, इरफान सिलावट सदस्य नियुक्त किए।

नव नियुक्त कमेटी की 84वें उर्स की तैयारियों को लेकर सदर अनवर अहमद छीपा की सदारत मे मीटींग हॉल मे बैठक की शुरूआत तिलावते कलामे पाक से हुवीं। 25 मोहरर्म 21 जुलाई 2025 सोमवार को बाद नमाजे असर के अलम पेश करने की रस्म अदा की जाएगी। 6 सफर से 8 सफर (1 अगस्त से 3 अगस्त 2025) तक 84वां उर्स हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। सभी सदस्यो ने अपनी-अपनी बात रखी सर्वसम्मती से प्रस्ताव पास कर सभी सदस्यो ने कहा की बाबा हुजूर का उर्स परम्परानुसार मनाया जाए।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)। वृद्धा ने भूमि दलालों के खिलाफ धोखे से दस्तावेज तैयार करने का प्रकरण दर्ज करवाया।

जानकारी के अनुसार पीडिता वरदीबाई पत्नी भेरूलाल कुमावत निवासी सुखेर ने आरोपी नवरतनसिंह उर्फ बंटी पुत्र रामसिंह सोनीवाड़ा भुवाणा, संजय डांगी पुत्र भेरूलाल डांगी तथा जगदीश डांगी पुत्र हिरालाल निवासी डागलियों की मगरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया आरोपियों ने गत दिनों मुझे विश्वास में लेकर मेरे मकान को बेचने का प्रस्ताव देकर अक्षय जैन व महेन्द्र पालीवाल को 40 लाख रूपये में विक्रय करवा दिया।

राजस्थान सरकार
कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, राजसमंद खण्ड-प्रथम
खनिज भवन, आर.के.राजकीय चिकित्सालय के सामने, बाईपास रोड़, राजसमंद
Email-ME.RAJSAMAND1@RAJASTHAN.gov.in

क्रमांकः-खअ/राज-1/सीसी-2/एम.एल.-90/2002/
डिस्पेच नम्बर राजकाज रे.न.16559124
दिनांकः-15.07.2025

आम सूचना नोटिस

निकट ग्राम सार्दुलखेड़ा तहसील राजसमंद जिला राजसमंद में खनिज मार्बल का खनन पट्टा संख्या 90/2002 श्रीमती सलमा बानु पत्नि स्वर्गीय श्री जमीलुददीन चुडिगर निवासी-बाल निकेतन गांधी सेवा सदन स्कूल के पास, किशोर नगर, राजसमन्द तहसील व जिला राजसमन्द (राज.) के पक्ष में अवधि दिनांक 25.04.2003 से 50 वर्ष तक के लिये स्वीकृत है, चूंकि खनन पट्टाधारी श्रीमती सलमा बानु की मृत्यु दिनांक 17.04.2025 को हो जाने से उक्त खनन पट्टे का नामान्तरण श्री मजहर चुड़िगर पिता स्वर्गीय श्री जमीलुददीन चुडिगर निवासी-बाल निकेतन गांधी सेवा सदन स्कूल के पास, किशोर नगर, राजसमन्द तहसील व जिला राजसमन्द (राज.)के पक्ष में नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/परेशानी हो तो 15 दिवस में ऊपर अंकित पते पर लिखित में आपत्ति दर्ज करावें।

आज्ञा से,
खनि अभियन्ता,
राजसमन्द खण्ड प्रथम

सार-समाचार

मलबे में दबने से एक की मौत

राजसमंद,(निसं)। राजसमंद शहर में बारिश के चलते गलन के बाद सोमवार देर रात एक पुराना मकान भरभराकर ढह गया, जिसके मलबे में दबे पति पत्नी को रेस्क्यू कर बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया, मगर तब तक पति की मौत हो गईए जबकि पत्नी उपचारत है। हादसे के बाद नगरपरिषद आयुक्त ब्रजेश राय के साथ रेस्क्यू दल मौके पर पहुंचा। मलबे को हटाने और क्षतिग्रस्त अधूरे भवन को सुरक्षित तरीके से ढहाकर हटाने की कार्रवाई में जुटा हुआ है। नगरपरिषद आयुक्त ब्रजेश राय ने बताया कि धोरा मोहल्ला में पुराना मकान रात करीब डेढ बजे ढह गया। हादसे में पीछे के कमरे में सो रहे 70 वर्षीय गोविंदसिंह और पत्नी मंजूदेवी मलबे में दब गए। मकान गिरने लगा, तभी दूसरे कमरो में सो रहे उनके भाई तैराक करणसिंह, उनका बेटा प्रिंस भी दौडकर बाहर निकल गए, जबकि मृतक गोविंदसिंह की बेटी छोटा और बेटा संजय भी बाहर निकल गए थे। इससे चारों सदस्य बच गए, लेकिन गोविंदसिंह और मंजूदेवी मलबे में दब गई। हादसे की आवाज पर मोहल्लेवासी एकत्रित हो गए और मलबे में दबे पति पत्नी को बाहर निकाला। फिर एक निजी चिकित्सालय ले गए, जहां गोविंदसिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि पत्नी मंजूदेवी की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। इस पर गंभीर घायल मंजूदेवी का उदयपुर के एमबी चिकित्सालय में इलाज जारी है, जबकि मृतक गोविंदसिंह का शव आरके जिला चिकित्सालय राजसमंद के मोर्चरी में रखवाया। उसके बाद पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

सिंघवी बने इंटरनेशनल डायरेक्टर

उदयपुर, (कासं)। सेवा संस्था महावीर इंटरनेशनल के स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन पिछले दिनों जयपुर के बिरला सभागार एवं अल्बर्ट हॉल परिसर से संबद्ध विभिन्न स्थलो पर सैल्यूट 50 वर्षों की सेवा, समर्पण और उत्साह-उल्लास का आयोजन थीम के अंतर्गत संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कर कमलों से महावीर इंटरनेशनल वर्चुअल सेंटर का शुभारंभ किया गया। यह केंद्र एक वैश्विक मंच है, जहाँ दुनिया के किसी भी कोने से, जाति, धर्म, समुदाय या रंगभेद से परे, कोई भी अच्छा और सेवाभावी इंसान सदस्य बन सकता है। इस अवसर पर उदयपुर के जाने-माने वैज्ञानिक वास्तु विशेषज्ञ एवं इंटीरियर आर्किटेक्चर डिजाइनर गौरव सिंघवी को इस अंतरराष्ट्रीय संगठन का डायरेक्टर नियुक्त किया गया। सिंघवी ने वैश्विक मंच पर उदयपुर का गौरव बढाते हुए अन्य 9 निदेशकों के साथ विधिवत शपथ ली। यह नियुक्ति महावीर इंटरनेशनल की वैश्विक सोच और सेवाभाव के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हादसे में घायल महिला की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के नाई थाना क्षैत्र खेरिया घाटे में टैपों पलटने से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को नाई थाना क्षैत्र खेरिया घाटे में ब्रेक फेल होने से पलटी खाने पर ऑटों चालक गोवर्धन विलास न्यू कॉलोनी निवासी रशीद पुत्र मुमर खां व मंजू (40) पुत्री भगवान मीणा निवासी अलसीगढ काटिया गंभीर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां मंजू की मौत हो गई। मंजू को रशीद ने पत्नी बना कर साथ रखा था। घटना वाले दिन अपना ऑटों लेकर रशीद मजू दोनों अलसीगढ कपडे लेने के लिए गया था।जहां से वापस लौटते समय टेपों के खेरिया घाटे में ब्रेक फेल होने से हादसा हो गया था। सूचना मिलने पर एएसआई हरिराम ने मौके पर पहुंच कर परिजनों को सूचना दी। इस पर उसके परिजनों ने आने से इनकार कर दिया। इस पर उसके पीहर सूचना दी है। जिनके आने पर मृतका का बुधवार को पोस्टमार्टम होगा।

नाले में डूबने से वृद्धा की मौत

उदयपुर, (कासं)। नाई थाना क्षैत्र में नाले में डूबने से वृद्धा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षैत्र बडी उंदरी हंगावत फला निवासी जुमली (75)पत्नी मावा भील की नाले में डूबने से मौत हो गई। सोमवार को पति घर पर नहीं था। इस दौरान जुमली नाले की तरफ गई जहां पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। मंगलवार सवेरे उसका शव नान्देश्वर के समीप चौकडिया तालाब में मिला। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई पर्ववत सहिं ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

महिला ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। नाई थाना क्षैत्र में कीटनाशक पीने से महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नाई थाना क्षैत्र नाद्रा गांव निवासी पुष्पा (34) पत्नी मांगीलाल गमेती ने 14 जुलाई को खेत पर फसलों पर छिडकाव करने की दवा कीटनाशक पी लिया। जिसकी तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया।जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतका को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा पीहर बीडा नाई सूचना दी है। जिनके आने पर पोस्टमार्टम होगा।

पिछोला का बढ़ा जलस्तर

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में एक दिन पहले हुई बारिश के बाद मंगलवार को मौसम सामान्य रहा । सुबह से तेज धूप निकली हुई रही है और बीच बीच में बादलों ने भी डेरा डाला । हालांकि येलोअलर्ट के बाद भी आज बारिश नहीं हुई। उदयपुर की पिछोला झील से फतहसागर झील में पानी की आवक लगातार जारी है। 13 फीट क्षमता वाली फतहसागर झील का जलस्तर बढकर 9 फीट हो गया है। सीसारमा नदी से पानी की आवक लगातार पिछोला में हो रही है। मंगलवार दोपहर को सीसारमा नदी साढे तीन फीट चल रही थी।पिछोला में सीसारमा से आवक तेज होने से जलस्तर बढ़ा है

'शिकायतों का हो निस्तारण'

उदयपुर, (कासं)। जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में संपर्क पोर्टल के विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई, जिसमें कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं को संतोषजनक जवाब दिया जाए और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का औसत निस्तारण समय 15 दिन से अधिक नहीं होना चाहिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले की बजट घोषणाओं और फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जिले की स्टेट रैंकिंग में सुधार के लिए ठोस प्रयास करने को कहा। समीक्षा में एनएफएसए, पीएम कुसुम, लाडो प्रोत्साहन योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), स्वामित्व योजना, और जल जीवन मिशन जैसी प्रमुख योजनाएं शामिल रहीं।

सात दिवसीय समारोह व पोस्टर का विमोचन

- पांच पवित्र नदियों के पानी से महादेव का होगा अभिषेक
- कावड़ यात्रा 29 जुलाई को

उदयपुर, (कासं)। शिव महोत्सव समिति की ओर से आगामी 29 जुलाई को गंगु कुंड से उभयेश्वर महादेव तक की 21 किलोमीटर तक निकाली जाने वाली विशाल 20वीं कावड यात्रा में आमजन की भागीदारी हो इसके लिए मंगलवार को गंगा के चैथे पाये गंगु कुंड प्रांगण में सात दिवसीय समारोह एवं पोस्टर का विमोचन किया गया।

सात दिवसीय समारोह व पोस्टर का विमोचन हुआ।

सात दिवसीय समारोह संयोजक एडवोकेट रामकृपा शर्मा ने बताया कि पोस्टर पूरे शहर के अलावा धार, वरडा, रामपुरा, गोरेला, कुंडाल, मोरवानिया सहित उभयेश्वर महादेव के आसपास के गांवों में लगाये जायेगे। सात दिवसीय समारोह के पत्रक वितरण के लिए शहर एवं ग्रामीण स्तर पर पांच, पांच कार्यकर्ताओं की टोलिया बनाई गई है। शर्मा ने बताया कि कावड़ियों के अभिषेक के बाद गंगा सहित पांच नदियों के पानी से महादेव का अभिषेक किया जायेगा।

इस मौके पर अध्यक्ष यज्ञ नारायण शर्मा, रामकृपा शर्मा, समाजसेवी वरदीचंद चैधरी, पूर्व पार्षद मनोहर चैधरी, महेश भावसार, कमलेन्द्र सिंह पंवार, नरेन्द्र पालीवाल, सुरेश रावत, रमेश तेली, कृष्णकांत कुमावत, आनंदी लाल चितौडा, नवीन व्यास, भागीरथ सिंह, शिवशंकर नागदा, कमलेश शर्मा, यशवंत चैधरी, उंकार शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, शंकर मराठा, सुरेश चपलोत, संतोष शर्मा सहित कार्यकर्ता अनेक उपस्थित थे।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः F7 (12) PLAN/LANDUSE/2025/1100 **आम-सूचना** दिनांक : 15/7/2025

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के कम मे सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुजये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों / परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम /योजना	खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	मैसर्स के.आर.ई. रियल एस्टेट जरिये पार्टनर श्री आदिश खोडनिया पिता श्री दिनेश खोडनिया	डबोक	4760/4217,4769/4214, 4777/4215, 4784/2345, 4790/4216	-	0.4149 हैक्टयर (कृषि भूमि)	उदयपुर-चित्तौडगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग से मोतीखेडा जाने वाली प्रस्तावित 150 फीट सडक पर स्थित है।	विशेष क्षेत्र-2 (SA-2) उपयोग से आवासीय प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

RAJASTHAN COLLEGE OF AGRICULTURE
MAHARANA PRATAP UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY
GURU GOVIND SINGH MARG, UDAIPUR 313001
Tel. 0294 2418976, 2417835 (O), Em:deanrcaudr@yahoo.com
No.MPUAT/RCA/Acctts/OT/2025-26/NIB-20 Dated: 15.07.2025

NIT No.: RCA/NIT/2025-2026 /NIB-20

Sealed offline bids are invited up to **01:00 PM of 23.07.2025** in respect of the following tenders/bids: (i) Bid No.RCA/NIT/2025-26/NIB-20 **"Contractual work contract for day-to-day agriculture work of Horticulture Farm, RCA from August, 2025 to July, 2026" (approx. Rs. 05.97 lakhs).** Details may be seen in the Bidding Document at our office or on our websites www.mpuat.ac.in or the website of State Public Procurement Portal website www.sppp.rajasthan.gov.inmay be obtained or downloaded on payment of Rs. 500/- in demand draft/online.

DEAN, RCA

भील प्रदेश राज्य के गठन की मांग

डूंगरपुर, (निसं)। भील आदिवासियों की संस्कृति, जल, जंगल, जमीन और अस्मिता की रक्षा के लिए भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम 36 सूत्रीय मांगों का एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत अलग भीलप्रदेश राज्य के गठन की मांग की। ज्ञापन प्रदेश प्रचारक मुकेश कलासुआ के नेतृत्व में सभी जिला और ब्लॉक मुख्यालयों पर सौपा गया।

ज्ञापन बताया कि संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सीमावर्ती अनुसूचित क्षेत्र को मिलाकर भीलप्रदेश राज्य का गठन करने, अनुच्छेद 244/1 के तहत प्रशासनिक आरक्षण की मूल भावना को लागू करने, आदिवासी क्षेत्र में देश की खनिज संपदा में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी देने, भीली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने, आदिवासी धर्म के लिए 1931 के जनगणना मॉडल की तरह पृथक कॉलम पुनः शुरू करने, वन विभाग की भूमि पर वृक्षारोपण और संरक्षण की जिम्मेदारी आदिवासियों को देने, जंगलों में बुलडोजर कार्यवाही पर रोक लगे, आदिवासियों के घर व फसलें सुरक्षा करने, भीलप्रदेश में धर्मांतरण पर कानून बने, ईसाई व ब्राह्मणी दोनो रूपों पर नियंत्रण करने, भीली बोली में प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करने, अनुसूचित क्षेत्रों में पुलिस में आदिवासी अनुपातिक प्रतिनिधित्व अनिवार्य करने, बंगाली झोलाछाप डॉक्टरों को आदिवासी क्षेत्रों से बाहर करने करने की मांग की।

प्रदर्शन आज

उदयपुर, (कासं)। वल्लभनगर उपखंड मुख्यालय पर स्थित मेवाड़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर में चोरी की वारदात को 13 दिन से भी अधिक समय बीते जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन अभी तक चोरी का खुलासा करने में नाकाम रही है।

इस संबंध में वल्लभनगर में पूर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत एवं क्षेत्रवासियों द्वारा शांतिपूर्ण बंद के दौरान थानाधिकारी द्वारा पूर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत के साथ अभद्र एवं असंवेदनशील व्यवहार किया किया गया।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
विधि/वसूली विभाग, मंडल कार्यालय, उदयपुर
एलआईसी भवन, तीसरा तल, सबसिटी सेन्टर, रेती स्टेण्ड के पास, उदयपुर
फोन नंबर: 0294-2688008/09/22/26, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV (नियम 8(1) देखें)
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि
अधोहस्ताक्षरकर्ता **श्री राजेश कुमार मित्तल** ने **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 सपठित, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ऋणी एवं बंधककर्ता **श्रीमती सरोज टेलर पत्नी श्री संजय टेलर एवं श्री मोहित देवड़ा पुत्र श्री संजय देवड़ा एवं सह-ऋणी श्री संजय कुमार टेलर पुत्र श्री अमृत लाल जी** पर मांग सूचना **दिनांक 28.04.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 28.04.2025 को बकाया राशि रू. 9,67,965.39 (रूपये नौ लाख सड़सठ हजार नौ सौ पैंसठ एवं पैसे उनतालीस मात्र) (दिनांक 29.03.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) प्लस इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 10, माह जुलाई, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
कर्जदारों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 09.07.2025 को बकाया राशि रू. 9,89,029.39 (रूपये नौ लाख नवासी हजार उनतीस एवं पैसे उनतालीस मात्र) (दिनांक 29.06.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) प्लस इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय बांसवाड़ा सिन्टेक्स लिमिटेड, बांसवाड़ा** के प्रभार के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती सरोज टेलर पत्नी श्री संजय टेलर एवं श्री मोहित देवड़ा पुत्र श्री संजय देवड़ा के नाम साम्यिक बंधक आवासीय मकान प्लॉट नं. 24 जो कांकराड़ूंगरी, बांसवाड़ा, राजस्थान 313003 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 450.00 वर्ग फीट है।
सीमाएं- पूर्वः प्लॉट नं. 25, पश्चिमः प्लॉट नं. 23, उत्तरः रोड़, दक्षिणः प्लॉट नं. 47

स्थान : बांसवाड़ा
दिनांक : 10.07.2025
हस्ता.
(राजेश कुमार मित्तल)
प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक

एसआरके कॉलेज में 1.22 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 5 कक्षों का लोकार्पण

राजसमंद, (निसं)। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने मंगलवार को सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय में 1 करोड 22 लाख रुपए की लागत से निर्मित 5 नवीन कक्षों का लोकार्पण किया। साथ ही कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना तथा देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत 22 छात्राओं को स्कूटी भेंट की। इस दौरान सांसद महिमा कुमारी मेवाड, विधायक दीप्ति माहेश्वरी, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, प्रधान अरविंद सिंह राठौड, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, उप जिला प्रमुख सोहनी देवी, प्राचार्य डॉ सुमन बडोला आदि बतौर अतिथि मौजूद रहे।